बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

क्रमांक 690 / परीक्षा / 2022

भोपाल, दिनांक 31/01/2022

अधिसूचना

(वार्षिक परीक्षा पद्धति द्वितीय एवं तृतीय वर्ष परीक्षा सत्र 2021–22)

(स्नातक स्तर नियमित / स्वाध्यायी / पूरक / भूतपूर्व छात्र)

(बी.ए / बी.काम. / बी.एस.सी. / बी.एस.सी. (होमसांइस) / बी.ए.मेनेजमेंट / बी.बी.ए. / बी.सी.ए / बी.काम. आर्नस हेतु)

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक परीक्षा पद्धति द्वितीय एवं तृतीय वर्ष परीक्षा सत्र 2021–2022 के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी.ऑन लाईन के माध्यम से भरे जाने की तिथियां निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती हैं:–

स.क्र	कक्षा	सामान्य शुल्क	विलंब शुल्क रू.300 / –के साथ
01	द्वितीय वर्ष	02 / 02 / 2022 से 25 / 02 / 2022 तक निर्धारित। परीक्षा आवेदन पत्र वि.वि. में जमा करने की तिथि 28 / 02 / 2022	26 / 02 / 2022 से 04 / 03 / 2022 तक तदुपरांत विशेष विलंब शुल्क रू. 1000 / – के साथ परीक्षा प्रांरभ होने से 07 दिवस पूर्व तक निर्धारित है।
02	तृतीय वर्ष	02 / 02 / 2022 से 25 / 02 / 2022 तक निर्धारित। परीक्षा आवेदन पत्र वि.वि. में जमा करने की तिथि 28 / 02 / 2022	26 / 02 / 2022 से 04 / 03 / 2022 तक तदुपरांत विशेष विलंब शुल्क रू. 1000 / – के साथ परीक्षा प्रांरभ होने से 07 दिवस पूर्व तक निर्धारित है।

ऑनलाईन प्रक्रिया :–विश्वविद्यालय की वेबसाइट (WWW.bubhopal.ac.in) पर **online services** पर क्लिक कर महाविद्यालय को पूर्व से प्रदाय किए गए कॉलेज लॉगिन मे जाकर फार्म भर सकेंगें। असुविधा होने की स्थिति मे महाविद्यालय प्राचार्य विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा / आई.टी.सेल से संपर्क कर समस्या का निवारण कर सकेंगे। महाविद्यालय, परीक्षार्थी की पूर्व की समस्त अंकसूची की छायाप्रति परीक्षा आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

नोट (केन्द्र व्यय के संबंध में) :– वि.वि. की अधिसूचना क्रमांक 271 / परीक्षा / 2021 दिनांक 04.08.2021 के अनुक्रम में कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 15.02.2019 के पद क्रमांक 19 / 1 / 17 के निर्णय के परिपालन में एवं विश्वविद्यालयीन अधिसूचना क्रमांक 1037 / परीक्षा / 2019 दिनांक 24.06.2019 के अनुसार बरकतउल्ला वि.वि. से सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष को सूचित किया जाता है कि समस्त परीक्षाओं में छात्रों से अग्रेषण शुल्क के साथ परीक्षा संचालन शुल्क के रूप में रू.100 / – (एक सौ मात्र) द्वारा परीक्षा केन्द्र व्यय की राशि रू.100 / – महाविद्यालय में जमा करने हेतु उन्हें अधिकृत किया जाता है जिन महाविद्यालयों के विद्यार्थियों का परीक्षा केन्द्र वि.वि. द्वारा अन्य महाविद्यालयों को बनाया जावेगा वे महाविद्यालय उनसे संबंधित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व उक्त केन्द्र व्यय की राशि रू. 100 / – प्रति छात्र संबंधित परीक्षा केन्द्र में जमा करवायेगें जैसे कि नियमित परीक्षार्थी शुल्क रू. 1330–100 / –(केन्द्र व्यय शुल्क) =रू.1230 / – विश्वविद्यालय में जमा करेगें।

शुल्क विवरण:–

01. स्वाध्यायी / भूतपूर्व स्नातक परीक्षार्थी (समस्त विषय हेतु परीक्षा फार्म सहित) – 1480+100=1580 / –
02. नियमित / भूतपूर्व परीक्षार्थी (समस्त विषय हेतु) – 1230+100=1330 / –
03. समस्त विदेशी छात्र को देय शुल्क – 2620+100=2720 / –
04. एक विषय हेतु परीक्षा शुल्क – 660+100=760 / –
05. पोटर्ल शुल्क – 25 / –

31/1/22

(परीक्षा) नियंत्रक
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

पृ. क्रमांक 691 परीक्षा / 2022

भोपाल , दिनांक 31/01/2022

प्रतिलिपि –

1– समस्त प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालयों की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु । कृपया जारी अधिसूचना को शिक्षण विभाग के नोटिस बोर्ड पर चिपकाने की व्यवस्था करें ।
2– उप–कुलसचिव / सहा.कुलसचिव / अनु.अधि. (गोपनीय / परीक्षा) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु
3– अधिष्ठाता ,छात्र कल्याण विभाग की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु
4– माननीय कुलपतिजी के सचिव के माध्यम से माननीय कुलपतिजी की ओर सूचनार्थ ।
5– कुलसचिवजी के निजसहायक के माध्यम से कुलसचिवजी की ओर सूचनार्थ ।
6– वित्त नियंत्रक, बरकतउल्ला वि.वि.भोपाल की ओर सूचनार्थ।
6– संचालक, एम.पी.ऑनलाईन म.प्र. की ओर उचित व्यवस्था एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु कृपया सुनिश्चित करे कि एम.पी.ऑनलाईन की हेल्पलाईन नं 4019401,4019406 तथा 4019414 पर कोई भी छात्र जानकारी चाहें तो उसे समय सीमा मे उपलब्ध करायें।
7– प्रभारी आई.टी.सेल ब.वि.वि.की ओर सूचनार्थ ।
8– जनसम्पर्क अधिकारी / कन्ट्रोल रूम की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
8– संपादक, दैनिक समाचार पत्रों की ओर उनके लोकप्रिय समाचार पत्र मे छात्रहित में प्रकाशित किये जाने हेतु निवेदन के साथ प्रेषित ।

उपकुलसचिव (परीक्षा)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल